राजकीय महाविद्यालय केकड़ी

बालिका दिवस

राजकीय महाविद्यालय केकड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन राजकीय महाविद्यालय केकड़ी के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भौतिक विज्ञान सह आचार्य श्री अनिल गुप्ता ने बताया कि भारत में मातृशक्ति सम्मान की प्राचीन परंपरा रही है।आज लड़कियां बराबर नहीं बल्कि आगे चल रही है। कोई भी क्षेत्र हो, चाहे परीक्षा परिणाम बेटियां अपना परचम लहरा रही हैं। डॉ अनीता रायसिंघानी ने बेटियों को आकाश छूने की प्रेरणा दी और कहा कि उन्हें अपने लिए मौके की तलाश स्वयं करनी होगी। डॉ रायसिंघानी ने स्वयं सहायता समूह की जानकारी भी दी और कहा कि बेटियों को रोजगार के लिए आगे बढ़ने का प्रयास करना होगा। स्वयं निर्णय लेने की क्षमता का भी विकास करना होगा। हिन्दी सह आचार्य देवीलाल जोशी ने छात्राओं को साहसी होने की बात कही और कहा कि उन्हें किसी से डरना नहीं होगा और अपने लिए खुद रास्ते भी बनाने होंगे। कार्यक्रम अध्यक्ष श्री पीयूष कुमार गुप्ता ने बालिका दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज के दिन को मनाने का औचित्य हमारे सामने परिलक्षित हो रहा है जब बेटियां अपनी योजनाओं का लाभ प्राप्त करके आगे बढ़ रही हैं।आज सेना में भी लड़कियों के लिए रास्ते खोल दिए गए हैं। लड़कियों को कभी भी कम करके नहीं आंकना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ नीता चौहान और धन्यवाद ज्ञापन डॉ देवेंद्र सोलंकी ने किया।छात्र हर्षित तोषनीवाल एवं छात्रा प्रियंका कुमावत ने कविता और भाषण के माध्यम से बालिका दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें फोरन्ता जाट प्रथम, प्रियंका कुमावत द्वितीय, विजय लक्ष्मी सेन और रिंकू चौधरी तृतीय स्थान पर रहे

realme Shot by Mr.. Gurjar
2022/01/24 12:49

राष्ट्रीय सेवा यो